Hindustan Media Ventures Limited

Corporate Office: 5th Floor, Lotus Tower, A- Block,
Community Centre, New Friends Colony,
New Delhi- 110025
Tel.: 011-66561234
E-mail : hmvlinvestor@livehindustan.com
Website: www.hmvl.in
CIN : L21090BR1918PLC000013

3rd September, 2025

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
**Mumbai - 400 001**

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No. C-1, Block G,
Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),
**Mumbai - 400 051**

**Scrip Code: 533217**

**Trading Symbol: HMVL**

**Sub: Newspaper advertisement-Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (SEBI LODR)**

**Re: 15th (Post-IPO) Annual General Meeting (AGM) of the Company via video conferencing/other audio visual means (VC/OAVM)**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copy of relevant page of "Mint" (English) and "Hindustan" (Hindi) newspapers, published on 3rd September, 2025, giving details, inter-alia, about the:

1. Completion of dispatch of Annual Report for the Financial Year 2024-25 and Notice convening the 15th (Post- IPO) AGM of the Company to be held on Thursday, 25th September, 2025 via VC/OAVM; and

2. Other relevant information as required to be given to Members in terms of Companies Act, 2013 and SEBI LODR including Circular(s) issued by Ministry of Corporate Affairs and Securities and Exchange Board of India.

This is for your information and record.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **Hindustan Media Ventures Limited**

Nikhil Sethi
Digitally signed by Nikhil Sethi
Date: 2025.09.03 14:01:59 +05'30'

**(Nikhil Sethi)**
**Company Secretary**

Encl.: *As above*

## New Okhla Industrial Development Authority

**NOIDA**
Administrative Building, Sector-6, Noida, (UP)
Website : www.noidaauthorityonline.in

### E-TENDER NOTICE

E-Tender are invited from firms/contractors registered with UPLC Lucknow for the following jobs against which bids can be uploaded and same shall be opened/downloaded as per schedule mentioned. The details and conditions of all tenders are available on NOIDA Authority's official website: **www.noidaauthorityonline.in** & **http://etender.up.nic.in**. Please ensure to see these websites for any changes/amendments & corrigendum etc.

**(A)**

1. **23/S.M.(Jal)-II/E.T./2025-26,** M/o Sewerage (Repairing and diversion of major/minor damage sewer line, looping work and other sewer related work in Jal Division-II, Sec-37), Noida (For Two Year). Cost-Rs. 124.06 Lacs.
2. **24/S.M.(Jal)-II/E.T./2025-26,** Maintenance and Development of Village (Replacement of old chocked sewer line and P/L water line in different gali in village Sarfabad.) Noida. Cost Rs. 191.70 Lacs.

**Which can be uploaded by date: 16.09.2025 upto 5.00 PM. Pre-qualification shall be opened/downloaded on date: 17.09.2025 at 11.00 AM.**

**(B)**

1. **14/S.M.(Jal)-II/E.T./2025-26,** Strengthening of W/s (Special Repair of OHT Sector-31), Noida. Cost Rs. 110.68 Lacs.
2. **17/S.M.(Jal)-II/E.T./2025-26,** Strengthening of W/s (Connecting of Ranney Well No 3 water line near underpass sector-62 to UGR sector-71) Noida. Cost Rs 181.12 Lacs.
3. **06/S.M.(G.JAL)/E.T./2024-25,** M/o G.Jal (Two year Running Operation of 20 Cusec Gangajal UGR -65, 62, 47, 35, 51 & 83) Noida. Cost Rs. 159.73 Lac

**Which can be uploaded by date: 09.09.2025 upto 5.00 PM. Pre-qualification shall be opened/downloaded on date: 10.09.2025 at 11.00 AM.**

**Office Sector-5**

**General Manager (Jal) NOIDA**

**CLEAN, GREEN, SAFE & SECURE NOIDA**

---

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## Auction of Government of India Dated Securities for ₹25,000 crore on September 04, 2025

**Government of India has announced the sale (re-issue) of following dated securities:**

| Sr. No | Nomenclature | Notified amount Nominal (in ₹Crore) | Earmarked for Retail Investors* (in ₹Crore) |
|---|---|---|---|
| 1 | 6.28% GS 2032 | 11,000 | 550 |
| 2 | 7.09% GS 2074 | 14,000 | 700 |

The stocks will be sold through Reserve Bank of India, Mumbai Office, Fort, Mumbai - 400001, as per the terms and conditions spelt out in the General Notification F.No.4(2)–B(W&M)/2018, dated **March 26, 2025** and the Specific Notification issued in this regard.

The auction will be conducted using multiple price method on **September 04, 2025 (Thursday)**. The result will be announced on the same day and payment by successful bidders will have to be made on **September 08, 2025 (Monday)**.

Retail investors can participate in the auction on a non-competitive basis as per the Scheme for non-competitive bidding facility. Individual investors can also place bids through the Retail Direct portal **(https://rbiretaildirect.org.in)**.

For further details, please see press release dated **September 01, 2025** on RBI website **(www.rbi.org.in)**.

**Government Stock offers safety, liquidity and attractive returns for long duration.**
**"Don't get cheated by E-mails/SMSs/Calls promising you money"**

---

**BSES**
BSES Yamuna Power Limited

**BSES Yamuna Power Limited, Delhi**
**... A joint venture with Govt. of NCT of Delhi**

### NOTICE INVITING TENDER

**Date: 03.09.2025**

E-tenders under the two Bid System (Unpriced & Priced) are invited as per the following details:

| NIT & SRM RFx No. | Tender Description | Estimated Cost (₹) | Cost of EMD (₹) | Due Date & Time of Submission | Date & time of opening |
|---|---|---|---|---|---|
| CMC/BY/25-26/RS/ SkS/SV/14 [RFx No: 2200000140] | Supply, Installation, Testing & Commissioning of 11kV Smart Packaged Substation with 2000kVA Oil Type Transformer | 3.89 Crore | 7.78 Lakhs | 25.09.2025 15:00 Hrs | 25.09.2025 16:00 Hrs |
| CMC/BY/25-26/RS/ SkS/SV/15 [RFx No: 2200000141] | Survey, Design, Supply, Installation, Testing, Commissioning of Scada Communicable FPI System at various substations in BYPL | 1.60 Crore | 3.20 Lakhs | 25.09.2025 15:00 Hrs | 25.09.2025 16:00 Hrs |
| CMC/BY/25-26/RS/ SkS/SV/16 [RFx No: 2200000142] | Supply & Retrofitting of LT ACBs & MCCBs in Package Sub Stations at various substations in BYPL | 3.63 Crore | 7.26 Lakhs | 25.09.2025 15:00 Hrs | 25.09.2025 16:00 Hrs |
| CMC/BY/25-26/RS/ SkS/SV/17 [RFx No: 2200000143] | Supply of LV Panels of various Configurations | 2.75 Crore | 5.50 Lakhs | 25.09.2025 15:00 Hrs | 25.09.2025 16:00 Hrs |
| CMC/BY/25-26/RS/ SkS/APT/18 [RFx No: 2200000144] | Supply of laptops & desktops with MS-office standard perpetual license for windows OS in BYPL | 4.28 Crore | 8.56 Lakhs | 25.09.2025 15:00 Hrs | 25.09.2025 16:30 Hrs |
| CMC/BY/25-26/RS/ SkS/APT/19 [RFx No: 2200000145] | Supply of MS-office and MS Project Standard perpetual license for windows OS in BYPL | 3.43 Crore | 6.86 Lakhs | 25.09.2025 15:00 Hrs | 25.09.2025 16:30 Hrs |
| CMC/BY/25-26/RS/ SkS/APT/20 [RFx No: 2200000146] | Implementation of Network Access Control (NAC) solution in BYPL | 1.51 Crore | 3.02 Lakhs | 25.09.2025 15:00 Hrs | 25.09.2025 16:30 Hrs |

Cost of each Tender Document: ₹**1,180/-**
For details in respect of Equipment/BOM/Services, Qualifying requirements, Terms & conditions, purchase/submission of tender documents, corrigendum etc. please visit our website **www.bsesdelhi.com --> BSES YAMUNA POWER LTD--> Tenders-->Open Tenders.**

**Head (Contracts & Materials)**

**Regd.Off: BSES Yamuna Power Ltd, Shakti Kiran Building, Karkardooma, Delhi-110032 | CIN: U40109DL2001PLC111525**
**Website: www.bsesdelhi.com**

---

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

### Tender Notice - Expression of Interest

The Department of Supervision, Reserve Bank of India, Central Office, Mumbai invites Expression of Interest (EOI) from eligible firms of repute for engagement as consultant for:

1. Framework for assessment of Business Model of Supervised Entities,
2. Migration of select Urban Cooperative Banks (UCBs) and Non-Banking Financial Companies (NBFCs) to Risk Based Supervision – Development of Risk Based Supervisory Framework, and
3. Development of Comprehensive Supervisory Manuals.

The EOI document will be available from September 03, 2025 and can be downloaded from the "Tenders" section of our website **(www.rbi.org.in)**. Last date and time for submission of completed EOI is 15:00 hours on October 03, 2025.

Any changes to the EOI process will be notified only on our website. The decision of the Bank, in this regard, shall be final and binding on all.

**Chief General Manager-in-Charge**
**Department of Supervision, Central Office, Mumbai**

**"Don't get cheated by E-mails/SMSs/Calls promising you money"**

---

ओएनजीसी
ONGC

## ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड
## Oil and Natural Gas Corporation Ltd.

### INVITING EXPRESSION OF INTEREST (EOI) FOR HIRING OF TECHNICAL CONSULTANCY SERVICES FOR CONVERSION OF PSV INTO A WSV FOR ONGC

ONGC Well Services, Mumbai Region, India intends to buy a PSV and convert into a Well Stimulation Vessel (WSV) for its offshore well stimulation operations. The interested firm having experience of providing Technical consultancy services for specialized Vessel conversion may visit the website of ONGC '**tenders.ongc.co.in**' for details.

The EOI meet shall be held on **10th Sept 25** at a suitable time based on the time zones of the respondents through offline physical / virtual meeting on digital media. Interested bidders are requested to convey their willingness to participate in the EOI meet along with the names and e-mail id of the participants on or before **8th Sept 25** to send the link of invitation of joining the Pre- submission EOI meet to the following e-mail id: **sanghi_sanjiv@ongc.co.in**, **thomas_elizabeth@ongc.co.in**, **vajpeyi_priyanshu@ongc.co.in**

---

हिन्दुस्तान

## Hindustan Media Ventures Limited

**Registered Office:** Budh Marg, Patna – 800001 **Ph.:** 0612 222 3434;
**Corporate Office:** 5th Floor, Lotus Tower, A Block, Community Centre, New Friends Colony, New Delhi-110025
**Ph.:** 011 6656 1234; **E-mail**: hmvlinvestor@livehindustan.com;
**Website:** www.hmvl.in
**CIN:** L21090BR1918PLC000013

### NOTICE OF FIFTEENTH (15TH) (POST-IPO) ANNUAL GENERAL MEETING OF HINDUSTAN MEDIA VENTURES LIMITED

In furtherance to our Notice published in the newspapers viz. Mint **(All editions)** and Hindustan **(Bihar and Delhi NCR edition) on** August 22, 2025 regarding the 15th (Post-IPO) Annual General Meeting **('AGM')** of Hindustan Media Ventures Limited **('Company')** to be held on **Thursday, September 25, 2025 at 11:00 AM (IST)** through Video Conferencing/Other Audio Visual Means **('VC/OAVM')**, the Members of Company are hereby informed that the Notice convening the AGM, procedure & instructions for e-voting (remote e-voting and e-voting at the AGM) and the Annual Report for FY-25 have been sent on Tuesday, September 2, 2025 to those Members whose email ID's are registered with the Company/Depository Participants **('DP')/Registrar and Transfer Agent (RTA)**. Additionally in accordance with the Regulation 36(1)(b) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company has also dispatched letters to Members, whose E-mail address' are not registered with Company/RTA/DP, providing weblink where the Annual report for the FY 2024-25 can be accessed.

Members may download the Notice of AGM, Annual Report for FY-25 and other relevant documents from the website of the Company viz. **www.hmvl.in**; stock exchanges where shares of the Company are listed viz. BSE Limited at **www.bseindia.com**; National Stock Exchange of India Limited viz. **www.nseindia.com** and National Securities Depository Limited (NSDL) viz. **www.evoting.nsdl.com**. The venue of the AGM shall be deemed to be the Registered Office of the Company.

The detailed procedure for attending AGM, e-voting (remote e-voting and e-voting at the AGM) etc. is set forth in the Notice of AGM, on the following lines:–

1. The Company is providing facility to its Members to exercise their right to vote on the business set forth in the Notice of AGM through remote e-voting and e-voting at the AGM. Procedure for e-voting and attending the AGM for Members are provided in Notice of the AGM. National Securities Depository Limited (NSDL) has been engaged by the Company for providing VC/OAVM platform and e-voting facility.
2. The remote e-voting facility will be available during the following period:

| | |
|---|---|
| **Commencement of remote e-voting** | **From 9.00 A.M. (Server time) on September 20, 2025 (Saturday)** |
| **End of remote e-voting** | **Up to 5.00 P.M. (Server time) on September 24, 2025 (Wednesday)** |

   The Remote e-voting facility will be forthwith disabled by NSDL and Members will not be allowed to vote through remote e-voting, beyond the said date and time.
3. Members of the Company whose names are recorded in the Register of Members of the Company or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the Cut-off date i.e. **Thursday, September 18, 2025** only, are entitled for e-voting and to attend the AGM. Once the vote on a resolution is cast by the Member, they shall not be allowed to change it subsequently. Voting rights of the Members shall be in proportion to their holding in the paid-up share capital of the Company as on the Cut-off date.
4. Members who have exercised their right to vote through remote e-voting may attend the AGM, but shall not be allowed to cast their vote again thereat.
5. In case a person has become a Member of the Company after dispatch of the Notice but on or before the Cut-off date i.e. **Thursday, September 18, 2025**, or has registered the e-mail address after dispatch of the Notice, such Member may obtain the User ID and Password in the manner outlined in the Notice of AGM.
6. **Manner of registering/updating KYC details including email address:**
   - Members holding shares in physical form and who have not registered/ updated their KYC details including e-mail id with the Company or RTA, may register/update such details by downloading the relevant forms from the said link **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx** and sending the same physically along with the request letter duly filled with the details therein and attaching such documents as required in the forms to KFin Technologies Limited, Unit: Hindustan Media Ventures Limited, Ramky Selenium Building, Tower B, Plot No. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Rangareddy, Telangana, India - 500032
   - Members holding shares in dematerialised mode and have not registered/ updated their e-mail address, can register/update their e-mail address with the DP where they maintain their demat accounts.
7. The result will be declared by the Chairperson or any other person authorised by her, on or before Saturday, September 27, 2025. The result along with the Scrutinizer's report will be hosted on the Company's website viz. **www.hmvl.in** and on NSDL's website viz. **www.evoting.nsdl.com**. The result shall also be intimated to the Stock Exchanges viz. BSE Limited, National Stock Exchange of India Limited, National Securities Depository Limited and Central Depository Services (India) Limited. The Company will also display the result at its Registered Office and Corporate Office.
8. In case of any query regarding e-voting facility, please refer Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual for Shareholders available at the Download section at **www.evoting.nsdl.com** or send a request to Ms. Pallavi Mhatre, Senior Manager (NSDL) at **evoting@nsdl.com** or can write at NSDL, 3rd Floor, Naman Chambers, G Block, Plot No. C-32, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai-400051 or call at 022-48867000.

For **Hindustan Media Ventures Limited**
Sd/-
**Nikhil Sethi**
**(Company Secretary)**

**Date:** September 2, 2025
**Place:** New Delhi

---

HT

## HT Media Limited

**CIN:** L22121DL2002PLC117874
**Registered Office:** Hindustan Times House, 18-20, Kasturba Gandhi Marg, New Delhi- 110 001
Ph.: +91-11-66561355; Fax: +91-11-66561270
**E-mail:** investor@hindustantimes.com; **website:** www.htmedia.in
**Corporate Office:** 5th Floor, Lotus Tower, A Block, Community Centre, New Friends Colony, New Delhi-110025
**Ph.:** +91-11-6656 1234

### NOTICE OF 23RD ANNUAL GENERAL MEETING OF HT MEDIA LIMITED

In furtherance to our Notice published in the newspapers viz. Mint **(All editions)** and Hindustan **(Delhi NCR edition)** on August 22, 2025 regarding the 23rd Annual General Meeting **('AGM')** of HT Media Limited **('Company')** to be held on **Friday, September 26, 2025 at 11:00 AM (IST)** through Video Conferencing/ Other Audio Visual Means **('VC/OAVM')**, the Members of Company are hereby informed that the Notice convening the AGM, procedure & instructions for e-voting (remote e-voting and e-voting at the AGM) and the Annual Report for FY-2024-25 have been sent on Tuesday, September 02, 2025 to those Members whose e-mail id's are registered with the Company/Depository Participants **('DP')/Registrar and Transfer Agent ('RTA').** Additionally in accordance with the Regulation 36(1)(b) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, a letter is sent to those Members, whose E-mail address' are not registered with Company/RTA/DP, providing weblink along with a path where the Annual report for the FY 2024-25 can be accessed.

Members may download the Notice of AGM, Annual Report for FY-2024-25 and other relevant documents from the website of the Company viz **https://www.htmedia.in/**; stock exchanges where shares of the Company are listed viz. BSE Limited at **www.bseindia.com**; National Stock Exchange of India Limited viz. **www.nseindia.com** and National Securities Depository Limited (NSDL) viz. **www.evoting.nsdl.com**. The venue of the AGM shall be deemed to be the Registered Office of the Company.

The detailed procedure for attending AGM, e-voting (remote e-voting and e-voting at the AGM) etc. is set forth in the Notice of AGM, on the following lines:

1. The Company is providing facility to its Members to exercise their right to vote on the business set forth in the Notice of AGM through remote e-voting and e-voting at the AGM. Procedure for e-voting and attending the AGM for Members are provided in Notice of AGM. National Securities Depository Limited (NSDL) has been engaged by the Company for providing VC/OAVM platform and e-voting facility.
2. The remote e-voting facility will be available during the following period:

| | |
|---|---|
| **Commencement of remote e-voting** | **From 9.00 a.m. (Server time) on September 21, 2025 (Sunday)** |
| **End of remote e-voting** | **Up to 5.00 p.m. (Server time) on September 25, 2025 (Thursday)** |

   The remote e-voting facility will be forthwith disabled by NSDL and Members will not be allowed to vote through remote e-voting, beyond the said date and time.
3. Members of the Company whose names are recorded in the Register of Members of the Company or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the Cut-off date i.e. **Friday, September 19, 2025** only, are entitled for e-voting and to attend the AGM. Once the vote on a resolution is cast by the Member, they shall not be allowed to change it subsequently. Voting rights of the Members shall be in proportion to their holding in the paid-up share capital of the Company as on the Cut-off date.
4. Members who have exercised their right to vote through remote e-voting may attend the AGM, but shall not be allowed to cast their vote again thereat.
5. In case a person has become a Member of the Company after dispatch of the Notice but on or before the Cut-off date i.e. **Friday, September 19, 2025** or has registered the e-mail address after dispatch of the Notice, such Member may obtain the User ID and Password in the manner outlined in the Notice of AGM.
6. **Manner of registering/updating KYC details including email address:**
   - Members holding shares in physical form and who have not registered/ updated their KYC details including e-mail id with the Company or RTA, may register/update such details by downloading the relevant forms from the said link **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx** and sending the same physically along with the request letter duly filled with the details therein and attaching such documents as required in the forms to KFin Technologies Limited, Unit: HT Media Limited, Ramky Selenium Building, Tower B, Plot No. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad, Rangareddy, Telangana, India–500032.
   - Members holding shares in dematerialized mode and have not registered/ updated their e-mail address, can register/update their email address with the Depository Participants where they maintain their demat accounts.
7. The result will be declared by the Chairman or any other person authorized by him, on or before **Sunday, September 28, 2025**. The result along with the Scrutinizer's report will be hosted on the Company's website viz. **https://www.htmedia.in/** and on NSDL's website viz. **www.evoting.nsdl.com**. The result shall also be intimated to the Stock Exchanges viz. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited, NSDL and Central Depository Services (India) Limited. The Company will also display the result at its Registered Office.
8. In case of any query regarding e-voting facility, please refer Frequently Asked Questions (FAQs) and e-voting user manual for Shareholders available at the Download section at **www.evoting.nsdl.com** or send a request to Ms. Pallavi Mhatre, Senior Manager (NSDL) at **evoting@nsdl.com** or can write at NSDL, 301, 3rd Floor, Naman Chambers, G Block, Plot No- C-32, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai- 400051.

For **HT Media Limited**
**Sd/-**
**Manhar Kapoor**
**(Group General Counsel & Company Secretary)**

**Date:** September 02, 2025
**Place:** New Delhi






## जीएसटी के 5% स्लैब का दायरा बढ़ेगा, परिषद की बैठक आज से
# तैयारी : रोजमर्रा की 250 से अधिक वस्तुओं के दाम घटेंगे

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** जीएसटी परिषद की बुधवार से शुरू होने वाली दो दिवसीय बैठक में चार के बजाए दो स्लैब के प्रस्ताव को मंजूरी मिल सकती है। इसी के साथ खाने-पीने और दैनिक जीवन की 250 से अधिक वस्तुओं को 12 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी के स्लैब में लाने की तैयारी है। इससे इनके दाम घट सकते हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली और सभी राज्यों के प्रतिनिधित्व वाली यह परिषद केंद्र के 'अगली पीढ़ी' के जीएसटी सुधार प्रस्ताव पर चर्चा करेगी। प्रस्तावित सुधारों में मौजूदा 12% और 28% के जीएसटी स्लैब को हटाकर केवल 5% और 18% के दो स्लैब रखना प्रमुख तौर पर शामिल है। इसके अलावा कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40% की विशेष दर से कर लिया जाएगा। परिषद की बैठक से पहले मंगलवार को राज्यों के अधिकारियों के साथ एजेंडे पर चर्चा की गई, जिसमें जीएसटी सुधारों को लेकर पूरा मसौदा भी तैयार किया गया।

**मंत्री समूह की मंजूरी:** गौरतलब है कि जीएसटी पर गठित मंत्रियों के समूह (जीओएम) ने कर दरों को कम करने के केंद्र के प्रस्ताव को 21 अगस्त को मंजूरी दी थी और अपनी सिफारिशें जीएसटी परिषद को भेजी थी। अगर इन्हें मंजूर किया जाता है तो इससे आम आदमी, किसान और छोटे उद्यमियों को लाभ मिलेगा। खाने-पीने और आम जरूरत की वस्तुएं सस्ती होंगी।

**बीमा पर जीएसटी दरों में होगी कटौती :** सूत्रों का कहना है कि एकल बीमा पर जीएसटी दरों को पूरी तरह से समाप्त किया जा सकता है। जबकि ग्रुप पॉलिसी पर जीएसटी को घटाकर पांच फीसदी किया जा सकता है। मौजूदा समय में स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर 18 फीसदी जीएसटी लगता है, जिसको लेकर लंबे समय से विपक्षी राज्य मांग कर रहे हैं कि जीएसटी को हटाया जाना चाहिए।

**इलेक्ट्रिक वाहनों पर कर बढ़ाने का प्रस्ताव :** वहीं, मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार, मंत्री समूह ने उन इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए जीएसटी दर 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा है, जिनकी कीमत 20 लाख से 40 लाख रुपये के बीच है।

### यहां मिल सकती है राहत
सूत्रों का कहना है कि 250 से अधिक वस्तुओं पर जीएसटी 12 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी किया जा सकता है। इतना ही नहीं, 50 से 60 वस्तुएं मौजूदा 18 फीसदी के स्लैब से निकलकर पांच फीसदी के स्लैब में शामिल की जा सकती हैं। इसके साथ ही सीमेंट 28 फीसदी की जगह 18 फीसदी के स्लैब में आ जाएगा। इससे उन लोगों को लाभ होगा जो अपना घर बनाना चाहते हैं। किसानों के लिहाज से देखा जाए तो ट्रैक्टर पर अभी 12 फीसदी जीएसटी लगता है जो पांच फीसदी के स्लैब में आ जाएगा।



### इन वस्तुओं पर शून्य जीएसटी संभव
**अभी 5 से 18 फीसदी तक कर**
- चपाती-पराठा, पैकेटबंद दूध-पनीर, पिज्जा ब्रेड, खाखरा, सभी प्रकार की पेंसिल, नक्शे, हाइड्रोग्राफिक चार्ट, एटलस, वॉल मैप, ग्लोब, शैक्षणिक चार्ट, पेंसिल शार्पनर, सभी प्रकार की पेंसिल, एक्सरसाइज बुक, ग्राफ बुक और लैब नोटबुक

**ये चीजें हो सकती हैं सस्ती**
(12 से 5% के स्लैब में आने पर)
- घी, मेवे, नमकीन, कुछ जूते और परिधान, दवाइयां, चिकित्सा उपकरण, पेंसिल, साइकिल, छाते से लेकर हेयर पिन जैसी आम उपयोग की वस्तुएं

(28 से 18% के स्लैब में आने पर)
- कुछ श्रेणी के टीवी, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं

(40% कर का प्रस्ताव)
- तंबाकू, पान मसाला, सिगरेट और सोडा वाले और ठंडे पेय पदार्थ

## मुनाफावसूली से सेंसेक्स फिसला

**मुंबई, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को शुरुआती तेजी कायम नहीं रह पायी और जीएसटी परिषद की बैठक से पहले बैंक और वाहन शेयरों में कारोबार के अंतिम घंटे में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 207 अंक के नुकसान में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 45 अंक टूट गया।

सेंसेक्स 206.61 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,157.88 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक तेजी के साथ खुला और दोपहर तक बढ़त के साथ कारोबार करता रहा।

हालांकि, कारोबार के अंत में मुनाफावसूली के कारण यह दिन के उच्चतम स्तर 80,761.14 अंक से 752.64 अंक नीचे आ गया।

## सोने और चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुल्क और रुपये में गिरावट के कारण सुरक्षित निवेश की मांग के बीच सोना लगातार सातवें कारोबारी सत्र में मजबूत रहा और 400 रुपये बढ़कर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया।

चांदी भी 100 रुपये बढ़कर 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम के एक नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

पिछले सात सत्रों में सोने की कीमत में 5,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। चालू वर्ष में सोने की कीमतों में 34.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम थी।

पिछले तीन सत्रों में, चांदी की कीमतों में 7,100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है। दिसंबर 2024 के अंत में 89,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से चांदी में 40.58 प्रतिशत की उछाल आई है।



- 400 रुपये बढ़कर सोना 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया

## रुपया सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई, एजेंसी।** व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी से अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपये पर दबाव बना रहा और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे गिरकर 88.15 के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

घरेलू शेयर बाजारों से लगातार विदेशी पूंजी की निकासी या डॉलर की मजबूती आगे भी रुपये की कमजोरी को बढ़ा सकती है।

गौरतलब है कि सोमवार को कारोबार के दौरान रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 88.33 के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर आ गया था।

# दवाओं पर 200% शुल्क लगाने की तैयारी




पेज-1 से आगे

**वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर टैरिफ बम फोड़ने की तैयारी में हैं। इस बार वे आयातित दवाओं पर 200% या उससे भी अधिक का टैरिफ लगाने की तैयारी कर रहे हैं। ट्रंप के इस कदम से भारतीय फॉर्मा कंपनियों को बड़ा झटका लगेगा।

व्हाइट हाउस की ओर से संकेत दिया गया है कि इस टैरिफ नीति को लागू करने से पहले दवा कंपनियों को करीब 1.5 वर्ष तक का समय दिया जाएगा, जिससे वे अपनी तैयारी कर सकें। जानकारी के मुताबिक, कई कंपनियों ने पहले ही अपने भंडार को बढ़ा दिया है और तेजी से आयात कर रहे हैं। लेकिन जानकारों का कहना है कि दवाओं का उत्पादन एक कठिन प्रक्रिया और इसमें एक वर्ष से अधिक समय लग सकता है। इतने कम समय में अमेरिका में दवा उत्पादन को पूरी तरह से लगाना मुश्किल होगा। ट्रंप अपने इस कदम को सही साबित करने के लिए 1962 के व्यापार विस्तार अधिनियम के अनुभाग 232 का हवाला दिया है। इस अधिनियम के तहत राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर टैरिफ लगाया जा सकता है।

### तांबे पर शुल्क को लेकर डब्ल्यूटीओ में भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को डब्ल्यूटीओ के रक्षोपाय समझौते के तहत अमेरिका द्वारा कुछ तांबे के उत्पादों पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क को लेकर अमेरिका से परामर्श की मांग की।यह कदम भारत द्वारा इस्पात, एल्युमीनियम और वाहन कलपुर्जों पर अमेरिकी शुल्क के जवाब में चुनिंदा अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने का अधिकार सुरक्षित रखने के बाद उठाया गया है।

### पाक से पारिवारिक सौदे के कारण रिश्ते बिगाड़े

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान द्वारा उनके परिवार के साथ व्यापारिक सौदे करने की इच्छा के कारण भारत के साथ संबंधों को किनारे कर दिया है। उन्होंने इस कदम को अमेरिका के लिए बहुत बड़ा रणनीतिक नुकसान बताया है। यह टिप्पणी भारत-अमेरिका संबंधों के सबसे खराब दौर की पृष्ठभूमि में आई है।

### ट्रंप ने भारत को रूस की ओर वापस भेजा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जॉन बोल्टन ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को रूस से दूर करने के पश्चिमी देशों के दशकों के प्रयासों को 'ध्वस्त' कर दिया है। बोल्टन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति की टैरिफ (शुल्क) नीतियों और हाल ही में भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष को समाप्त करने के दावों ने स्थिति को और खराब कर दिया है।

## आवास ऋण आवंटन में सरकारी बैंक आगे रहे

**मुंबई, एजेंसी।** अप्रैल-जून तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने आवास ऋण बाजार हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की। ऋण सूचना कंपनी क्रिफ हाई मार्क ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

इसकी रिपोर्ट में कहा गया कि कुल गृह ऋण बकाया में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) की हिस्सेदारी जून, 2025 में बढ़कर 46.2 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 37.6 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के मुताबिक, समीक्षाधीन अवधि में निजी क्षेत्र के बैंकों की हिस्सेदारी 35.2 प्रतिशत से घटकर 28.2 प्रतिशत रह गई।

पिछले कुछ महीनों में निजी क्षेत्र के प्रमुख ऋणदाताओं ने गृह ऋण बाजार में स्थिरता की कमी की शिकायत की है और ब्याज दरों की पेशकश को तर्कहीन बताया है।

## बजट बनाने की तैयारी अक्तूबर में शुरू होगी

**मुंबई, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय नौ अक्टूबर से 2026-27 के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं और भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के बीच बजट की तैयारी शुरू होने जा रही है।

अगले वर्ष के बजट में मांग बढ़ाने, रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को आठ प्रतिशत से अधिक की सतत वृद्धि दर पर लाने के लिए मुद्दों पर ध्यान देना होगा। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहेगी।

आर्थिक मामलों के विभाग के बजट परिपत्र (2026-27) के अनुसार, 'सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में बजट-पूर्व बैठकें नौ अक्टूबर, 2025 से शुरू होंगी।'

ओएनजीसी ONGC
ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड
Oil and Natural Gas Corporation Ltd.

**ओएनजीसी के लिए पीएसवी को डब्ल्यूएसवी में परिवर्तित करने के लिए तकनीकी परामर्श सेवाओं की भर्ती के लिए रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है**

ओएनजीसी वेल सर्विसेज, मुंबई क्षेत्र, भारत अपने अपतटीय कुआं उत्तेजना परिचालनों के लिए एक पीएसवी खरीदने और उसे कुआं उत्तेजना पोत (डब्ल्यूएसवी) में परिवर्तित करने का इरादा रखता है। विशेष पोत रूपांतरण के लिए तकनीकी परामर्श सेवाएं प्रदान करने का अनुभव रखने वाली इच्छुक फर्म विवरण के लिए ओएनजीसी की वेबसाइट 'tenders.ongc.co.in' पर जा सकती है।
ईओआई बैठक **10 सितम्बर 2025** को ऑफ़लाइन भौतिक / डिजिटल मीडिया पर आभासी बैठक के माध्यम से उत्तरदाताओं के समय क्षेत्र के आधार पर उपयुक्त समय पर आयोजित की जाएगी। इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे **8 सितम्बर 2025** तक या उससे पहले प्रतिभागियों के नाम और ई-मेल आईडी के साथ ईओआई बैठक में भाग लेने की अपनी इच्छा व्यक्त करें, पूर्व-प्रस्तुति ईओआई बैठक में शामिल होने के निमंत्रण का लिंक निम्नलिखित ई-मेल आईडी पर भेजें। ईमेल: **sangi_sanjiv@ongc.co.in, thomas_elizabeth@ongc.co.in, vajpeyi_priyanshu@ongc.co.in**

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
**RESERVE BANK OF INDIA**
www.rbi.org.in

**निविदा सूचना - अभिरुचि की अभिव्यक्ति**

भारतीय रिज़र्व बैंक, पर्यवेक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई प्रतिष्ठित पात्र फर्मों से निम्नलिखित कार्यों हेतु परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है:
1. पर्यवेक्षित संस्थाओं के व्यावसायिक मॉडल का मूल्यांकन करने के लिए फ्रेमवर्क तैयार करना।
2. चुनिंदा शहरी सहकारी बैंकों (UCBs) और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFCs) को जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (Risk Based Supervision) के दायरे में लाने हेतु-जोखिम आधारित पर्यवेक्षण फ्रेमवर्क का विकास।
3. व्यापक पर्यवेक्षण नियमावली का विकास।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति दस्तावेज़ को दिनांक 03 सितंबर 2025 से हमारी आधिकारिक वेबसाइट **(http://www.rbi.org.in)** के "निविदाएँ" खंड से डाउनलोड किया जा सकता है। अभिरुचि की अभिव्यक्ति अपने पूर्ण रूप में जमा करने की अंतिम तिथि और समय 03 अक्तूबर 2025, दोपहर 15:00 बजे तक है।

अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्रक्रिया से संबंधित किसी भी परिवर्तन की सूचना केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम एवं सभी के लिए बाध्यकारी होगा।

**प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक**
**पर्यवेक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय, मुंबई**

**"पैसे का झांसा देने वाले ई-मेल/एसएमएस/फ़ोन कॉल द्वारा धोखा न खाएँ"**

# दो बैंकों ने आवास सहित अन्य कर्ज की दरें घटाईं

**राहत**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने अपने कर्ज की ब्याज दरों में कटौती कर दी है। यह बदलाव तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है। इससे आवास, वाहन और और व्यक्तिगत ऋण लेने वाले ग्राहकों को राहत मिल सकती है।

दोनों बैंकों ने अपनी सीमांत लागत आधारित ब्याज दर (एमसीएलआर) में 15 आधार अंकों तक की कटौती की है। इसका सीधा असर उन ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा, जिनके लोन अलग-अलग अवधि के लिए इस ब्याज दर से जुड़े हुए हैं। अब ब्याज दरें 8 से 9 फीसदी के बीच लागू होंगी। पुराने लोन एमसीएलआर से जुड़े होते हैं। वहीं, नए जारी होने वाले लोन बाहरी सीमांत लागत (ईबीएलआर) से जुड़े होते हैं। बैंकों ने ग्राहकों को इन दोनों के बीच में चुनाव करने का विकल्प भी दिया है।

गौरतलब है कि आरबीआई ने अगस्त में हुई मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को 5.5% पर स्थिर रखा था। इसके बावजूद दोनों बैंकों ने अपनी ब्याज दरों में कमी की है।

- पीएनबी और बैंक ऑफ इंडिया ने 15 आधार अंकों की कटौती की

# यस बैंक ने वेतन खाते के नियमों में बदलाव किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यस बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए वेतन खाते के नियमों में कई बड़े बदलाव किए हैं। नए नियम 1 अक्तूबर से लागू होंगे। अब अगर तीन महीने तक किसी ग्राहक के खाते में वेतन नहीं आता है तो उसे स्थायी बचत खाते में बदल दिया जाएगा।

इसके बाद उस पर 750 रुपये तक का गैर रख-रखाव शुल्क लगेगा। वेतन खातों के लिए अभी 'जीरो बैलेंस' मान्य है। इसके साथ ही वेतन खाता धारकों को अब रुपे डेबिट कार्ड मिलेगा, जिसके लिए 199 रुपये का प्रवेश शुल्क लिया जाएगा। वहीं, कुछ मामलों में शर्तों के साथ शुल्क माफ किया जा सकता है। इसके तहत अगर खाता धारक महीने में कम से कम 10,000 रुपये वेतन लेते हैं या इतने रुपये खाते में बनाए रखते हैं तो प्रवेश और नवीनीकरण शुल्क माफ हो जाएगा।

**प्रस्ताव को मंजूरी :** इस बीच भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने मंगलवार को जापान की सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) के निजी क्षेत्र के बैंक यस बैंक में 24.99 प्रतिशत तक हिस्सेदारी हासिल करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। एसएमबीसी, सुमितोमो मित्सुई फाइनेंशियल ग्रुप (एसएमएफजी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। यह जापान का दूसरा सबसे बड़ा बैंकिंग समूह है।

- तीन महीने तक वेतन नहीं आने पर बचत खाते में तब्दीली होगी

## बाजार 30s

### शेयर बाजार

**सेंसेक्स** 80,157 -206.61

टॉप गेनर

| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
|---|---|---|
| पावर ग्रिड | 286.65 | 2.43 |
| एनटीपीसी | 336.20 | 1.60 |

टॉप लूजर

| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
|---|---|---|
| एम एंड एम | 3233.80 | -2.45 |
| कोटक बैंक | 1942.50 | -1.28 |

**निफ्टी** 24,579 -45.45

टॉप गेनर

| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
|---|---|---|
| टाटा कंज्यू. | 1,105.50 | 2.77 |
| नेस्ले इंडि. | 1,200.50 | 2.22 |

टॉप लूजर

| कंपनी | बंद भाव | बदलाव% |
|---|---|---|
| एम एंड एम | 3,238.00 | -2.33 |
| डॉ. रेड्डी | 1,250.00 | -2.34 |

### कमोडिटी

| | भाव | बदलाव |
|---|---|---|
| सोना | 1,06,070 | +400 |
| चांदी | 1,26,100 | +100 |

### करेंसी
डॉलर/रुपया
88.15 -0.05

## अवधि बढ़ाने से निर्यातकों को राहत होगी

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को कहा कि अग्रिम प्राधिकरण योजना के तहत रासायनिक आयात के लिए निर्यात दायित्व अवधि को छह महीने से बढ़ाकर 18 महीने करने से निर्यातकों को बहुत जरूरी राहत मिलेगी। सरकार ने अमेरिकी शुल्क को लेकर चिंताओं के बीच यह कदम उठाया है। रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने कहा कि यह उपाय पूरे भारत में रसायन और पेट्रोरसायन का कारोबार करने वाले निर्यातकों को जरूरी समर्थन और लचीलापन देगा।

## टीसीएस ने कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी की

**नई दिल्ली।** मुंबई। देश की सबसे बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी टीसीएस ने अपने अधिकतर कर्मचारियों के वेतन में 4.5 से सात प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। कंपनी ने वेतन वृद्धि पत्र भेजना शुरू कर दिया है और यह वेतन वृद्धि सितंबर से लागू होगी। गौरतलब है कि कंपनी ने करीब 12,000 कर्मचारियों की छंटनी की घोषणा के बाद 80 प्रतिशत कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की खबर आई है।

## बोट समेत 13 कंपनियों के आईपीओ मंजूर

**नई दिल्ली।** सेबी ने इमेजिन मार्केटिंग कंपनी समेत 13 कंपनियों के आईपीओ को मंजूरी दी है। मंजूरी पाने वाली कंपनियों में जूनिपर ग्रीन एनर्जी, जैन रिसोर्स रिसाइक्लिंग, मौरी टेक, रावी इन्फ्राबिल्ड प्रोजेक्ट्स, पेस डिजिटेक, ओम्निटेक इंजीनियरिंग, कोरोना रेमेडीज, केएसएच इंटरनेशनल, ऑलकैम लाइफसाइंस, प्रॉयरिटी ज्वेल्स और ओम फ्रेट फॉरवर्डर्स भी शामिल हैं। वहीं, टाटा कैपिटल का 17,200 करोड़ का आईपीओ 22 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में आएगा।

**एचटी मीडिया लिमिटेड**
**CIN:** L22121DL2002PLC117874
**पंजीकृत कार्यालयः** हिन्दुस्तान टाइम्स हाउस, 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110001
**फोनः** +91-11-66561355, **फैक्सः** +91-11-66561270
**ई-मेलः** investor@hindustantimes.com; **वेबसाइटः** www.htmedia.in
**कारपोरेट कार्यालयः** 5वां तल, लोटस टावर, ए ब्लॉक, कम्युनिटी सेंटर, न्यू फ्रेण्ड्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110025
**फोनः** +91-11-66561234

**एचटी मीडिया लिमिटेड की तेइसवीं (23 वीं) वार्षिक आम बैठक की नोटिस**

विडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों **('वीसी/ओएवीएम')** के माध्यम से **शुक्रवार, 26 सितम्बर, 2025 को पूर्वा. 11:00 बजे (भा.मा.स.)** को होने वाली **एचटी मीडिया लिमिटेड ('कम्पनी')** की 23 वीं वार्षिक आम बैठक **('एजीएम')** के संबंध में 22 अगस्त, 2025 को समाचारपत्रों यानी मिन्ट **(सभी संस्करणों)** तथा हिन्दुस्तान **(दिल्ली एनसीआर संस्करण)** में प्रकाशित हमारे नोटिस के अनुक्रम में, कम्पनी के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ए.जी.एम. के आयोजन के नोटिस, ई-वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग तथा ए.जी.एम. में ई-वोटिंग) की प्रक्रिया तथा अनुदेशों और वित्तीय वर्ष-2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट मंगलवार, 2 सितम्बर, 2025 को उन सदस्यों को भेजी गयी है, जिनकी ईमेल आईडी कम्पनी/डिपॉज़िटरी पर्टिसिपेंट्स **('डीपी')/रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए')** के पास पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, सेबी (सूचीयन उत्तरदायित्व तथा प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 36(1)(बी) के अनुसरण में, कंपनी ने उन सदस्यों को पत्र भेज दिया है जिनके ई-मेल पते कंपनी/आरटीए/डीपी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, जिसके साथ एक पाथ सहित एक वेबलिंक उपलब्ध कराया गया है जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट देखी जा सकती है।

सदस्य कम्पनी की वेबसाइट यानी **https://www.htmedia.in/**; स्टॉक एक्सचेंजों जहाँ कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं यानी बी.एस.ई. लिमिटेड **www.bseindia.com**; एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड यानी **www.nseindia.com** तथा नेशनल सिक्युरिटीज़ डिपाजिटरी लिमिटेड **('एनएसडीएल')** यानी **www.evoting.nsdl.com** की वेबसाइटों से ए.जी.एम. के नोटिस, वित्तीय वर्ष-2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट और अन्य संबंधित दस्तावेजों को डाउनलोड कर सकते हैं। एजीएम का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

ए.जी.एम. में उपस्थित होने, ई-वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग तथा ए.जी.एम. में ई-वोटिंग) आदि की विस्तृत प्रक्रिया, ए.जी.एम. के नोटिस में निर्दिष्ट हैं, जोकि इस प्रकार हैं:-

1. कम्पनी अपने सदस्यों को ए.जी.एम. के नोटिस में निर्धारित व्यवसायों पर वोट देने के अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए रिमोट ई-वोटिंग तथा ए.जी.एम. में ई-वोटिंग के माध्यमों द्वारा वोट करने की सुविधा प्रदान कर रही है। ई-वोटिंग और सदस्यों के लिए ए.जी.एम. में भाग लेने हेतु प्रक्रिया को, ए.जी.एम. के नोटिस में दिया गया है। कम्पनी ने वीसी/ओएवीएम प्लेटफार्म तथा ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्युरिटीज़ डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) को नियुक्त किया है।
2. रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगीः

| | |
|---|---|
| **रिमोट ई-वोटिंग की शुरुआत** | **21 सितम्बर, 2025 (रविवार) को प्रातः 9:00 बजे (सर्वर समय) से** |
| **रिमोट ई-वोटिंग की समाप्ति** | **25 सितम्बर, 2025 (गुरुवार) को सायं 5:00 बजे (सर्वर समय) तक** |

रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा तुरन्त एनएसडीएल द्वारा असमर्थ कर दी जाएगी और सदस्यों को कथित तिथि व समय के बाद, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट करने की अनुमति नहीं होगी।
3. कम्पनी के केवल वे सदस्य ए.जी.एम. में उपस्थित होने तथा ई-वोटिंग करने के हकदार हैं, जिनके नाम कट-ऑफ तिथि यानी केवल **शुक्रवार, 19 सितम्बर, 2025** को कम्पनी के सदस्यों की पंजिका में या डिपाजिटरीज़ द्वारा बनाए गए बेनिफिशल ओनर्स की पंजिका में दर्ज हैं। जब कोई सदस्य एकबार किसी प्रस्ताव पर वोट दे देता है, तो बाद में उसे बदलने की अनुमति नहीं होगी। सदस्यों का वोटिंग अधिकार, कट-ऑफ तिथि को कम्पनी की प्रदत्त शेयर पूंजी में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में होगा।
4. वे सदस्य जो रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट अधिकार का प्रयोग कर चुके हैं, वे ए.जी.एम. में शामिल हो सकते हैं, लेकिन उन्हें वहां पुनः अपना वोट देने की अनुमति नहीं होगी।
5. यदि कोई व्यक्ति नोटिस के प्रेषण के बाद लेकिन कट-ऑफ तिथि **शुक्रवार, 19 सितम्बर, 2025** को या उससे पहले कम्पनी का सदस्य बनता है, अथवा नोटिस के प्रेषण के बाद ई-मेल पता को पंजीकृत कराता है, तो ऐसे सदस्य ए.जी.एम. के नोटिस में वर्णित किए गए तरीके द्वारा यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।
6. **ईमेल पता सहित के.वाई.सी. विवरणों को पंजीकृत करने/नवीकृत करने का तरीकाः**
- जिन सदस्यों ने भौतिक रूप में शेयर रखे हुए हैं और कम्पनी या आर.टी.ए. के पास अपना ई-मेल पता सहित के.वाई.सी. विवरणों को पंजीकृत/नवीकृत नहीं किया है, कथित लिंक **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx** से संबंधित प्रपत्रों को डाउनलोड करके ऐसे विवरण पंजीकृत/नवीकृत कर सकते हैं और अनुरोध पत्र जिसमें विधिवत विवरण भरा हो और प्रपत्रों में अपेक्षित अनुसार आवश्यक दस्तावेज संलग्न हों, उसे भौतिक रूप से केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड, यूनिटः एचटी मीडिया लिमिटेड, रामकी सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 व 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत-500032 को भेज सकते हैं।
- जिन सदस्यों ने डिमैटिरियलाइज्ड रूप में शेयर रखे हुए हैं और अपना ई-मेल पता पंजीकृत/नवीकृत नहीं किया है, उस डीपी के पास अपने ईमेल पते पंजीकृत/नवीकृत कर सकते हैं, जहाँ वे अपने डिमैट खाते रखते हैं।
7. अध्यक्ष या उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, **रविवार, 28 सितम्बर, 2025** को या उससे पहले परिणाम की घोषणा की जाएगी। संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ परिणाम, कम्पनी की वेबसाइट यानी **https://www.htmedia.in/** और एनएसडीएल की वेबसाइट यानी **www.evoting.nsdl.com** पर प्रकाशित किए जाएंगे। परिणाम स्टाक एक्सचेंजों यथा बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, नेशनल सिक्युरिटीज़ डिपाजिटरी लिमिटेड और सेन्ट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड को भी सूचित किए जाएंगे। कम्पनी अपने पंजीकृत कार्यालय में भी परिणाम प्रदर्शित करेगी।
8. ई-वोटिंग सुविधा के संबंध में, किसी भी पूछताछ के मामले में , कृपया Frequently Asked Questions (FAQs) देखें और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध है अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक (एनएसडीएल) को **evoting@nsdl.com** पर अनुरोध भेजें अथवा एनएसडीएल, 301, तीसरा तल, नमन चैम्बर,जी-ब्लॉक, प्लॉट सी-32, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र-400051 को लिख सकते हैं।

कृते **एचटी मीडिया लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**मनहर कपूर**
**(ग्रुप जनरल काउंसल एवं कम्पनी सचिव)**
**दिनांकः** 02 सितम्बर, 2025
**स्थानः** नई दिल्ली

हिन्दुस्तान
**हिन्दुस्तान मीडिया वेंचर्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः** बुद्ध मार्ग, पटना-800001
**फोनः** 0612-222 3434
**कारपोरेट कार्यालयः** 5वां तल, लोटस टावर, ए ब्लॉक, कम्युनिटी सेंटर न्यू फ्रेण्ड्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110025
**फोनः** 011-6656 1234, **ई-मेलः** hmvlinvestor@livehindustan.com, **वेबसाइटः** www.hmvl.in
**CIN:** L21090BR1918PLC000013

**हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड की पन्द्रहवीं (15 वीं) (पोस्ट-आईपीओ) वार्षिक आम बैठक की नोटिस**

विडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों **('वीसी/ओएवीएम')** के माध्यम से **गुरुवार, 25 सितम्बर, 2025 को पूर्वा. 11:00 बजे (भा.मा.स.)** को होने वाली **हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड ('कम्पनी')** की 15 वीं (पोस्ट-आईपीओ)वार्षिक आम बैठक **('एजीएम')** के संबंध में 22 अगस्त, 2025 को समाचारपत्रों यानी मिन्ट **(सभी संस्करणों)** तथा हिन्दुस्तान **( बिहार एवं दिल्ली एनसीआर संस्करण)** में प्रकाशित हमारे नोटिस के अनुक्रम में, कम्पनी के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ए.जी.एम. के आयोजन के नोटिस, ई-वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग तथा ए.जी.एम. में ई-वोटिंग) की प्रक्रिया तथा अनुदेशों और वित्तीय वर्ष-25 की वार्षिक रिपोर्ट मंगलवार, 2 सितम्बर, 2025 को उन सदस्यों को भेजी गयी है, जिनकी ईमेल आईडी कम्पनी/डिपॉज़िटरी पर्टिसिपेंट्स **('डीपी')/रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट ('आरटीए')** के पास पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, सेबी (सूचीयन उत्तरदायित्व तथा प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 36(1)(बी) के अनुसरण में, कंपनी ने उन सदस्यों को पत्र भेज दिया है जिनके ई-मेल पते कंपनी/आरटीए/डीपी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, जिसके साथ एक वेबलिंक उपलब्ध कराया गया है जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक रिपोर्ट देखी जा सकती है।

सदस्य कम्पनी की वेबसाइट यानी **www.hmvl.in**; स्टॉक एक्सचेंजों जहाँ कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं यानी बी.एस.ई. लिमिटेड **www.bseindia.com**; एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड यानी **www.nseindia.com** तथा नेशनल सिक्युरिटीज़ डिपाजिटरी लिमिटेड **('एनएसडीएल')** यानी **www.evoting.nsdl.com** की वेबसाइटों से ए.जी.एम. के नोटिस, वित्तीय वर्ष-25 की वार्षिक रिपोर्ट और अन्य संबंधित दस्तावेजों को डाउनलोड कर सकते हैं। एजीएम का स्थान कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

ए.जी.एम. में उपस्थित होने, ई-वोटिंग (रिमोट ई-वोटिंग तथा ए.जी.एम. में ई-वोटिंग) आदि की विस्तृत प्रक्रिया, ए.जी.एम. के नोटिस में निर्दिष्ट हैं, जोकि इस प्रकार हैं:-

1. कम्पनी अपने सदस्यों को ए.जी.एम. के नोटिस में निर्धारित व्यवसायों पर वोट देने के अपने अधिकारों का प्रयोग करने के लिए रिमोट ई-वोटिंग तथा ए.जी.एम. में ई-वोटिंग के माध्यमों द्वारा वोट करने की सुविधा प्रदान कर रही है। ई-वोटिंग और सदस्यों के लिए ए.जी.एम. में भाग लेने हेतु प्रक्रिया को, ए.जी.एम. के नोटिस में दिया गया है। कम्पनी ने वीसी/ओएवीएम प्लेटफार्म तथा ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्युरिटीज़ डिपाजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) को नियुक्त किया है।
2. रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध होगीः

| | |
|---|---|
| **रिमोट ई-वोटिंग की शुरुआत** | **20 सितम्बर, 2025 (शनिवार) को प्रातः 9:00 बजे (सर्वर समय) से** |
| **रिमोट ई-वोटिंग की समाप्ति** | **24 सितम्बर, 2025 (बुधवार) को सायं 5:00 बजे (सर्वर समय) तक** |

रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा तुरन्त एनएसडीएल द्वारा असमर्थ कर दी जाएगी और सदस्यों को कथित तिथि व समय के बाद, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट करने की अनुमति नहीं होगी।
3. कम्पनी के केवल वे सदस्य ए.जी.एम. में उपस्थित होने तथा ई-वोटिंग करने के हकदार हैं, जिनके नाम कट-ऑफ तिथि यानी केवल **गुरुवार, 18 सितम्बर, 2025** को कम्पनी के सदस्यों की पंजिका में या डिपाजिटरीज़ द्वारा बनाए गए बेनिफिशल ओनर्स की पंजिका में दर्ज हैं। जब कोई सदस्य एकबार किसी प्रस्ताव पर वोट दे देता है, तो बाद में उसे बदलने की अनुमति नहीं होगी। सदस्यों का वोटिंग अधिकार, कट-ऑफ तिथि को कम्पनी की प्रदत्त शेयर पूंजी में उनकी हिस्सेदारी के अनुपात में होगा।
4. वे सदस्य जो रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपने वोट अधिकार का प्रयोग कर चुके हैं, वे ए.जी.एम. में शामिल हो सकते हैं, लेकिन उन्हें वहां पुनः अपना वोट देने की अनुमति नहीं होगी।
5. यदि कोई व्यक्ति नोटिस के प्रेषण के बाद लेकिन कट-ऑफ तिथि **गुरुवार, 18 सितम्बर, 2025** को या उससे पहले कम्पनी का सदस्य बनता है, अथवा नोटिस के प्रेषण के बाद ई-मेल पता को पंजीकृत कराता है, तो ऐसे सदस्य ए.जी.एम. के नोटिस में वर्णित किए गए तरीके द्वारा यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं।
6. **ईमेल पता सहित के.वाई.सी. विवरणों को पंजीकृत करने/नवीकृत करने का तरीकाः**
- जिन सदस्यों ने भौतिक रूप में शेयर रखे हुए हैं और कम्पनी या आर.टी.ए. के पास अपना ई-मेल पता सहित के.वाई.सी. विवरणों को पंजीकृत/नवीकृत नहीं किया है, कथित लिंक **https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/isrforms.aspx** से संबंधित प्रपत्रों को डाउनलोड करके ऐसे विवरण पंजीकृत/नवीकृत कर सकते हैं और अनुरोध पत्र जिसमें विधिवत विवरण भरा हो और प्रपत्रों में अपेक्षित अनुसार आवश्यक दस्तावेज संलग्न हों, उसे भौतिक रूप से केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड, यूनिटः हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड, रामकी सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर बी, प्लॉट नं. 31 व 32, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानाक्रमगुडा सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत-500032 को भेज सकते हैं।
- जिन सदस्यों ने डिमैटिरियलाइज्ड रूप में शेयर रखे हुए हैं और अपना ई-मेल पता पंजीकृत/नवीकृत नहीं किया है, उस डीपी के पास अपने ईमेल पते पंजीकृत/नवीकृत कर सकते हैं, जहाँ वे अपने डिमैट खाते रखते हैं।
7. अध्यक्ष या उनके द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य व्यक्ति द्वारा, **शनिवार, 27 सितम्बर, 2025** को या उससे पहले परिणाम की घोषणा की जाएगी। संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ परिणाम, कम्पनी की वेबसाइट यानी **www.hmvl.in** और एनएसडीएल की वेबसाइट यानी **www.evoting.nsdl.com** पर प्रकाशित किए जाएंगे। परिणाम स्टाक एक्सचेंजों यथा बीएसई लिमिटेड, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, नेशनल सिक्युरिटीज़ डिपाजिटरी लिमिटेड और सेन्ट्रल डिपाजिटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड को भी सूचित किए जाएंगे। कम्पनी अपने पंजीकृत कार्यालय में भी परिणाम प्रदर्शित करेगी।
8. ई-वोटिंग सुविधा के संबंध में, किसी भी पूछताछ के मामले में , कृपया Frequently Asked Questions (FAQs) देखें और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध है अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक (एनएसडीएल) को **evoting@nsdl.com** पर अनुरोध भेजें अथवा एनएसडीएल, 301, तीसरा तल, नमन चैम्बर्स, जी-ब्लॉक, प्लॉट नं. सी-32, बान्द्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, बान्द्रा ईस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र-400051 को लिख सकते हैं या सम्पर्क करें 022-4886 7000 पर।

कृते **हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड**
**हस्ता./-**
**निखिल सेठी**
**(कम्पनी सचिव)**
**दिनांकः** 2 सितम्बर, 2025
**स्थानः** नई दिल्ली